| आदेश की क्रमांक एवं तिथि | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्यवाही |
|---|---|---|
| | 1 | |

12/03/21

# उपायुक्त का न्यायालय, साहेबगंज।

आर0एम0ए0 वाद सं0 11/2011–12

बैजनाथ मंडल –बनाम– सुशील झा

अपीलार्थीः–

1. बैजनाथ मंडल, पे0–स्व0 भगीरथ मंडल, सा0–बुधवरिया, थाना–राजमहल, जिला–साहेबगंज।

उत्तरवादीगणः–

1. सुशील झा, राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय, उधवा।
2. अशोक मंडल, पे0–स्व0 सुपन मंडल, सा0–सुक्सेना, थाना–राजमहल, जिला–साहेबगंज।

## –ः आदेश ः–

प्रस्तुत अपील वाद अपीलार्थी बैजनाथ मंडल, पिता–स्व0 भगीरथ मंडल, सा0–बुधवरिया, थाना–राजमहल, जिला–साहेबगंज के द्वारा विद्वान अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल के राजस्व विविध वाद संख्या 11/2010–11 (बैजनाथ मंडल –बनाम– सुशील झा वगै0) में दिनांक 12.10.2011 को पारित आदेश के विरूद्ध अपील वाद दायर किया गया है।

अवलोकनोपरान्त वाद को अंगीकृत करते हुए उत्तरवादी को नोटिस निर्गत कर सूचना दी गई एवं विद्वान अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल से राजस्व विविध वाद संख्या 11/2010–11 से संबंधित मूल अभिलेख की माँग की गई।

नोटिस तामिला प्राप्त। उत्तरवादी उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया। विद्वान अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल से मूल अभिलेखा प्राप्त।

उभय पक्षों के विज्ञ अधिवक्ता को सुना। उभय पक्षों द्वारा अपने बहस में कहा गया कि उत्तरवादी संख्या–02 अशोक मंडल, पे0–सुपन मंडल के द्वारा सिविल न्यायालय में प्रश्नगत भूमि को लेकर स्वत्व वाद दायर किया गया है, जो लंबित है।

अतएव प्रश्नगत भूमि को लेकर स्वत्व वाद को लंबित रहने की स्थिति में न्यायालय द्वारा किसी भी प्रकार के आदेश पारित करना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

अतः उपरोक्त स्थिति में वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। पारित आदेश की प्रति के साथ अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल को मूल अभिलेख वापस भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

12/3/21
उपायुक्त
साहेबगंज।

12/3/21
उपायुक्त
साहेबगंज।

| आदेश की क्रमांक एवं तिथि | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्यवाही |
|---|---|---|
| | 2<br>ज्ञापांक 274 / डी0बी0, साहेबगंज, दिनांक 25.11.21<br>प्रतिलिपिः– अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।<br>प्रतिलिपिः– बैजनाथ मंडल, पे0–स्व0 भागीरथ मंडल, सा0–बुधवरिया, थाना–राजमहल, जिला–साहेबगंज को सूचनार्थ प्रेषित।<br>प्रतिलिपिः– सुशील झा, राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय, उधवा एवं अशोक मंडल, पे0–स्व0 सुपन मंडल, सा0–सुक्सेना, थाना–राजमहल, जिला–साहेबगंज को सूचनार्थ प्रेषित।<br>प्रभारी पदाधिकारी,<br>जिला विधि शाखा,<br>साहेबगंज। | |

Digitally signed by Hemant Sati
Date: 2025.04.09 16:12:13 +05:30
Location: 192.168.0.155